>

Title: Request to increase seat to 120 in Jharkhand Assembly seats.

श्री संजय सेठ (राँची): सभापति महोदया, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के आर्शीवाद से झारखंड अलग राज्य बना, हम बिहार से अलग हुए और इसके बीस साल हो गए हैं । बीस साल के बाद अब हमारी आबादी सवा तीन करोड़ हो गई है । अभी हमारे हमारे 81 विधायक हैं, लेकिन क्षेत्र बड़ा है । क्षेत्र बड़ा होने के कारण उन पर विकास का बहुत ज्यादा प्रेशर रहता है । झारखंड की विधान सभा ने भी कई बार यह सहमति प्रदान की है कि वहां के विधान सभा की सीटों की बढ़ोतरी होनी चाहिए । सभी राजनीतिक दल इसके लिए सहमत हैं ।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि कम से कम झारखंड विधान सभा में 120 सीट्स किए जाएं, ताकि विधायकों पर ज्यादा प्रेशर न हो और समुचित विकास हो सके ।

अंत में, मैं यह कहना चाहता हूं कि सभापति महोदया जी, आप रांची गई होंगी । पहाड़ी बाबा, यहां शंकर भगवान जी का बहुत बड़ा मंदिर है, वे हमारे गार्जियन हैं, हम उनसे प्रार्थना करते हैं कि जल्द से जल्द हमारे अध्यक्ष स्वस्थ हों और इस सदन में मौजूद हों ।